**दिनांक: 09-05-2017**

# राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के आय एंव व्यय का विश्लेषण
# वित्तीय वर्ष 2015–16

A Report by

National Election Watch

&

Association for Democratic Reforms

Association for Democratic Reforms

T-95A, I floor, C.L. House, Gautam Nagar
New Delhi – 110 049
Email: adr@adrindia.org; Phone: 011-4165 4200

# विस्तृत रिपोर्ट

## प्रस्तावना

राजनीतिक दल विभिन्न स्त्रोतों से दान प्राप्त करते हैं इसलिए जवाबदेही और पादर्शिता उनके कामकाज का महत्वपूर्ण पहलू होना चाहिए। व्यापक और पारदर्शी लेखा प्रणाली के लिए आवश्यक है कि पार्टियां सही वित्तीय स्थिति प्रदर्शित करें।

भारत निर्वाचन आयोग (ई.सी.आई) ने 19 नवम्बर, 2014 को राजनीतिक दलों के अध्यक्षों/महामंत्रियों को सबोधित करते हुए अपने पत्र में लिखा कि सभी दलों को उनकी अंकेक्षत रिपोर्ट का विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इस रिपोर्ट में 5 राष्ट्रीय दलों (भाजपा और **कांग्रेस** को छोड़कर) के कुल आय और व्यय का विश्लेषण है जो उन्होने वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए अपने आयकर में भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय दलों में भारतीय जनता पार्टी (**भाजपा**), इंडियन नेशनल कांग्रेस (**आईएनसी**), बहुजन समाज पार्टी (**बसपा**), नेशनल कांग्रेस पार्टी (**एनसीपी**), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (**सीपीआई**), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (मार्क्सिस्ट) (**सीपीएम**) और आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (**एआइटीसी**) है । यहाँ ध्यान दिया जाये की एआइटीसी चार राज्यों में (पश्चिम बंगाल, मणिपुर, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश) क्षेत्रीय पार्टी होने की वजह से भारतीय चुनाव आयोग ने इस पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता प्रदान की है।

## राष्ट्रीय दलों द्वारा प्रस्तुत ऑडिट रिपोर्ट


- दलों द्वारा वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की नियमित तिथि 31 अक्टूबर, 2016 थी।
- एआइटीसी, सीपीएम और बसपा तीनों पार्टियों ने ही अपने ऑडिट रिपोर्ट्स निर्धारित समयसीमा से पहले प्रस्तुत की है|
- **सीपीआई** ने अपनी ऑडिट रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा के **16 दिनों के बाद**, 17th नवम्बर 2016 को जमा कीया|
- **एनसीपी** ने अपनी ऑडिट रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा के लगभग **4 महीने बाद**, 1st मार्च 2017 को जमा कीया|
- **बीजेपी** और **कांग्रेस** ने अपनी ऑडिट रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा के लगभग **6 महीने बाद** भी (1st मई तक) जमा नहीं कीया है|

| Due date for submission: 31st Oct,'16 | | |
|---|---|---|
| **Party** | **Date of submission** | **Delay in submitting their report** |
| CPM | 14th October,'2016 | - |
| AITC | 22nd Sep,'2016 | - |
| BSP | 23rd August,'16 | - |
| CPI | 17th Nov,'2016 | **16 days** |
| NCP | 1st March,'2017 | **120 days** |
| BJP | Not submitted | **180 days, (As on 01-05-2017)** |
| INC | Not submitted | **180 days, (As on 01-05-2017)** |

## राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के आय एवं व्यय - वित्तीय वर्ष-2015-2016

- वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान बसपा ने कुल **रु 47.385 करोड़** का आय घोषित किया है जिसमें से पार्टी ने केवल रु 11.90 करोड़ यानि **कुल आय का 25%** ही खर्च किया है |
- तृणमूल कांग्रेस ने कुल **रु 34.578 करोड़** का आय घोषित किया है जिसमें से पार्टी ने केवल रु 13.35 करोड़ यानि **कुल आय का 39%** ही खर्च किया है |
- एनसीपी ने अपने कुल आय से **19% अधिक खर्चा** किया है | वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान पार्टी ने रु 9.14 करोड़ की आय घोषित की है लेकिन पार्टी का कुल खर्च रु 10.84 करोड़ था |

| Total income and expenditure declared by National Parties, FY 2015-16 (Rs in cr) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Party** | **Total declared Income** | **Total declared Expenditure** | **Excess of income over expenditure** | **Share of income remaining unspent** |
| **CPM** | 107.48 | 84.82 | 22.66 | 21% |
| **BSP** | 47.385 | 11.90 | 35.485 | 75% |
| **AITC** | 34.578 | 13.35 | 21.228 | 61% |
| **NCP** | 9.137 | 10.84 | (1.703) | -19% |
| **CPI** | 2.176 | 1.48 | 0.696 | 32% |
| **Total** | **Rs 200.76 cr** | **Rs 122.39 cr** | **Rs 78.37 cr** | **39%** |





## वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए राष्ट्रीय दलों की कुल आय

- राष्ट्रीय दलों की आय पूरे भारतवर्ष से विभिन्न स्त्रोतों से संकलित की गई है जैसा की उन्होने अपने ऑडिट रिपोर्ट में प्रस्तुत किया है।
- राष्ट्रीय दल जिनके आईटीआर सार्वजानिक तौर पर उपलब्ध हैं उनके कुल आय रू **200.76 करोड़** (पूरे भातरवर्ष से) है ।
- कुल आय रू **107.48 करोड़** के साथ राष्ट्रीय दलों में से सीपीएम ने सबसे अधिक आय घोषित की है जो इन 5 दलों के कुल आय का **53.54 %** है।
- दूसरे स्थान पर बसपा ने रू **47.385 करोड़** घोषित किया है जो राष्ट्रीय दलों के पुरे आय का 23.60 % है ।

| Income of National Parties for FY-2015-2016 (Rs. in cr) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **National Party** | **CPM** | **BSP** | **AITC** | **NCP** | **CPI** |
| **Total Income** | Rs 107,48,21,606 ***(Rs 107.48 cr)*** | Rs 47,38,59,177 ***(Rs 47.385 cr)*** | Rs 34,57,86,458 ***(Rs 34.578 cr)*** | Rs 9,13,74,181 ***(Rs 9.137 cr)*** | Rs 2,17,67,309 ***(Rs 2.176 cr)*** |
| **% Share in total Income** | **53.54%** | **23.60%** | **17.22%** | **4.55%** | **1.08%** |
| **Grand Total** | **Rs 200,76,08,731 (Rs 200.76 cr)** | | | | |


**Table: Total income declared by National Parties in their ITR for FY 2015-16 (All over India)**




**Graph: Total income declared by National Parties in their ITRs for FY 2015-16 (All over India)**

## वित्तीय वर्ष 2014–15 और 2015–16 के बीच राष्ट्रीय दलों की कुल आय की तुलना

- सभी राष्ट्रीय दलों में से , वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान बीजेपी ने सबसे अधिक आय घोषित कीया था | पार्टी ने **रु 970.43 करोड़** की कुल आय घोषित कीया लेकिन वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए अपना ऑडिट रिपोर्ट अभी तक चुनाव आयोग को जमा नहीं किया है |
- वित्तीय वर्ष 2014-15 में कांग्रेस ने **रु 593.31 करोड़** की आय घोषित कीया लेकिन पार्टी ने अब तक अपना ऑडिट रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए चुनाव आयोग को प्रस्तुत नहीं की है |
- वित्तीय वर्ष 2014-15 और 2015-16 के बीच एआइटीसी की आय में **180.68%** (रु 22.26 करोड़) की वृद्धि हुई जबकि सीपीआई की आय में **17.93%** (रु 33 लाख) की वृद्धि हुई।
- पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में, वि व् 2015-16 में, एनसीपी की आय **रु 58.51 करोड़** (86.49%) घटा है जबकि बसपा की आय में **रु 64.58 करोड़** (57.68%) कमी देखी गयी है।




**Graph: Total income of National Parties for Financial Years: 2014-15 and 2015-16**

## राजनीतिक दलों द्वारा अज्ञात स्त्रोतों से अर्जित की गई आय- वि व् - 2015-16

- राजनीतिक दलों द्वारा भारत चुनाव आयोग को प्रस्तुत की गई दान रिपोर्ट में सिर्फ उन्ही लोगों का नाम उल्लेखित किया गया है जिन्होने इन दलों को रू 20,000 से ज़्यादा दान किये है। अतः सिर्फ यही एक ज्ञात स्त्रोत है।
- राजनीतिक दलों द्वारा अज्ञात स्त्रोतों से अर्जित की गई आय वह है जो उन्होने अपनी **आयकर** में रू 20,000 से कम दान की श्रेणी में उल्लेखित की है। अज्ञात स्त्रोतों से अर्जित की गई आय में निम्नलिखित साधन आते हैः कूपनों की बिक्री, पर्स मनी, सहायता कोष, विविध फंड, स्वैच्छिक अनुदान, सम्मेलन/मोर्चाओं से एकत्रित की गई धनराशि इत्यादि। इन स्वैच्छिक अनुदान देने वाले दानदाताओं का विवरण **सार्वजानिक रूप से उप्लब्ध्** नही है।
- वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान पांच राष्ट्रीय दलों की कुल आय **रु 200.76 करोड़** है |
- वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान राजनीतिक दलों को ज्ञात दाताओं से प्राप्त कुल आय **रु 4.75 करोड़**, जो कुल आय का 2.37% है |
- दूसरे ज्ञात स्त्रोंतो से (उदाहरण के लिए - परिसम्पत्तियों की बिक्री, सदस्ता शुल्क, बैंक ब्याज, प्रकाशनों की बिक्री और पार्टी लेवी ) राष्ट्रीय दलों को प्राप्त आय **रु 134.35 करोड़** है जो कुल आय का 66.92% है |

- राजनीतिक दलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 में अज्ञात स्त्रोतों से अर्जित की गई धनराशि रू 61.66 करोड़ है जोकि दलों की कुल आय का 30.71% है।
- नीचे दी गई तालिका में अज्ञात स्त्रोतों द्वारा प्राप्त धनराशि को बताया गया है और इसमें दान/स्वैच्छिक अनुदानों को समायोजन किया गया है।

| Donations from various sources to National Political Parties during FY 2015-16 (Rs in cr) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Sources of Income** | **CPM** | **BSP** | **AITC** | **NCP** | **CPI** | **Total** |
| **Known sources (donations above Rs 20,000)** | 1.81 | 0 | 0.65 | 0.71 | 1.58 | **Rs 4.75 cr** |
| **Other known income*** | 60.53 | 47.385 | 24.208 | 0.987 | 1.24 | **Rs 134.35 cr** |
| **Unknown Sources (as per IT Returns)** | 45.14 | 0 | 9.72 | 7.444 | **-0.644#** | **61.66 cr** |
| **Total Income** | **Rs 107.48 cr** | **Rs 47.385 cr** | **Rs 34.578 cr** | **Rs 9.137 cr** | **Rs 2.176 cr** | **Rs 200.76 cr** |

**Table: Amounts received as donations from various sources by political parties during FY 2015-16**

* Other known income include: sale of moveable & immoveable assets, old newspapers, membership fees, delegate fee, bank interest, sale of publications and levy

#Details of donations above Rs 20,000 given by the party in the statement to the ECI is more than the total donations declared in the IT Returns of the party for FY 2015-16. Hence the figures are in negative

## अज्ञात स्त्रोंतों का दलवार विवरण – वि व् 2015-16

- वि व् 2015-16 के दौरान पांच राष्ट्रीय दलों ने अज्ञात स्त्रोतों से सबसे अधिक आय "**स्वैच्छिक योगदान**" (**Voluntary contributions**) से एकत्रित किया है। इस स्त्रोत से दलों ने **रु 37.565 करोड़** प्राप्त किया जो अज्ञात स्त्रोतों से कुल आय का **60.92%** था ।
- **विविध आय (Miscellaneous Income)** के माध्यम से राष्ट्रीय दलों ने कुल **रु 15.89 करोड़** प्राप्त किया जो अज्ञात स्त्रोतों से कुल आय का **25.77%** था।
- **बसपा** ने स्वैच्छिक योगदान, विविध आय या कूपन/ प्रकाशनों की बिक्री से कोई भी आय एकत्रित नहीं किया है।

| Unknown Sources, as per the IT Returns of the Party (Rs in cr) FY 2015-16 (Rs in cr) | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| **Political Parties** | **Voluntary Contributions** | **Miscellaneous Income** | **By Collection from Sale of coupons/Sale of Publications** | **Balance Written Off** | |
| **CPM** | 29.255 | 15.83 | 0.056 | 0 | **Rs 45.14 cr** |
| **AITC** | 8.92 | 0 | 0.8 | 0 | **Rs 9.72 cr** |
| **NCP** | 0.07 | 0.024 | 4.6 | 2.75 | **Rs 7.444 cr** |
| **CPI** | -0.68 | 0.036 | 0 | 0 | **Rs -0.644 cr** |
| **BSP** | 0 | 0 | 0 | 0 | **Rs 0** |
| **Total** | **Rs 37.565 cr** | **Rs 15.89 cr** | **Rs 5.456 cr** | **Rs 2.75 cr** | **Rs 61.66 cr** |

**Table: Unknown sources of income of National parties for FY- 2015-2016**






**Table: Unknown sources of income of National parties for FY- 2015-2016**

## कुल दान में रू 20,000 से अधिक के दान का विवरण

- राजनीतिक दलों को **ऑडिट रिपोर्ट** के अलावा हर वर्ष रू 20,000 से ज़्यादा दान देने वाले लोगों की सूची भी चुनाव आयोग को देनी होती है।
- राजनीतिक दलों को मिलने वाले दान (रू 20,000 से अधिक व कम दोनों) तथा उनके द्वारा घोषित **आयकर** के विश्लेषण से यह पता चलता है कि कुल दान का सिर्फ 11%, रू 20,000 से ऊपर के स्वैच्छिक अनुदान से आता है।
- राजनीतिक दलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 में अर्जित की गई रू 37.56 करोड़ (89 प्रतिशत) की दान राशि जिस दानदाता से आई है उनका कोई भी विवरण **सार्वजानिक रूप से** उपलब्ध नही है।
- वि व् 2015-16 के दौरान सीपीएम ने कुल रु 31.06 करोड़ दान घोषित किया है जिसमें से केवल रु 1.81 करोड़ ज्ञात स्त्रोंतों से प्राप्त हुआ है | पार्टी का रु 29.25 करोड़ (कुल दान का 94%) की जानकारी सार्वजानिक तौर पर उपलब्ध नहीं है |
- तृणमूल कांग्रेस ने रु 9.57 करोड़ का दान अपने ऑडिट रिपोर्ट में घोषित किया है | लेकिन पार्टी का केवल 7% (रु 0.65 करोड़ ) दान की ही जानकारी सार्वजानिक तौर पर उपलब्ध है |

| % share of contributions in total Income of National Parties for FY-2015-2016 (Rs. in cr) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Party** | **Total Income (A)** | **Source of Income – IT Returns** | **Total Contributions/ Donations- From IT Returns (B)** | **Share of Contributions in total income [(B/A)*100]** | **Donations above Rs 20,000 – From Contribution report (C)** | **Share of Contributions above Rs 20,000 in total donations [(C/B)*100]** |
| **BJP** | **NA** | - | - | - | **76.85** | - |
| **INC** | **NA** | - | - | - | **20.42** | - |
| **CPM** | 107.48 | Voluntary Contributions | 31.06 | 28.90% | 1.81 | 5.83% |
| **BSP** | 47.385 | Voluntary Contribution/Coupon Sale | 0 | 0% | 0 | 0% |
| **AITC** | 34.578 | Grants/Donations/Contributions | 9.57 | 27.68% | 0.65 | 6.79% |
| **NCP** | 9.137 | Grants/Donation/Contribution | 0.78 | 8.54% | 0.71 | 91.03% |
| **CPI** | 2.176 | Party Fund, Education Fund, Election Fund and Donation | 0.898 | 41.27% | 1.58 | 175.95% |
| **Total** | **Rs 200.76 cr** | - | **Rs 42.31 cr** | **21.07%** | **Rs 4.75 cr** | **11.23%** |


**Table: % share of contributions in total Income of National Parties for FY-2015-2016 (Rs. in cr)**




**Share of contributions in total Income of National Parties for FY-2015-2016 (Rs. in cr)**

## 5 राजनीतिक दलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 में आय के प्रमुख 3 स्त्रोत

- राष्टीय दलों के शीर्ष तीन मुख्य आय स्रोतों में दलों ने दान से अधिक धन प्राप्त किया है | सीपीएम रु 31.12 करोड़, तृणमूल कांग्रेस रु 9.57 करोड़, सीपीआई रु 89.80 लाख और एनसीपी रु 78 लाख |




**Top sources of income of National Parties for FY 2015-16**


| National Party | Total Income | Financial Year- 2015-2016 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **Top 3 Source of Income** | **Amount (Rs in cr)** | **Share of Income** |
| **AITC** | **Rs 34.58 cr** | Fees & Subscriptions | 23.53 | 68.05% |
| | | Grants/Donations/Contributions | 9.57 | 27.67% |
| | | Collection by Coupons/Sale of Publications | 0.80 | 2.31% |
| | | **Other Income** | 0.68 | 1.97% |
| **BSP** | **Rs 47.38 cr** | Other Income | 36.85 | 77.78% |
| | | Membership Fee | 10.53 | 22.22% |
| | | Voluntary Contribution/Coupon Sale | 0 | 0% |
| | | **Other Income** | 0 | 0% |
| **NCP** | **Rs 9.14 cr** | Collection By Issuing Coupons/Sale of Publication | 4.6 | 50.33% |
| | | Other Income | 3.2 | 35.01% |
| | | Grants/Donation/Contribution | 0.78 | 8.53% |
| | | **Other Income** | 0.56 | 6.13% |

| National Party | Total Income | Financial Year- 2015-2016 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Top 3 Source of Income | Amount (Rs in cr) | Share of Income |
| CPI | Rs 2.17 cr | Party Fund, Education Fund, Election Fund and Donation | 0.898 | 41.38% |
| | | Interest Received | 0.49 | 22.58% |
| | | Membership Fee | 0.46 | 21.20% |
| | | **Other Income** | 0.322 | 14.84% |
| CPM | Rs 107.48 cr | Fees & Subscriptions | 44.005 | 40.94% |
| | | Other Incomes | 32.36 | 30.10% |
| | | Voluntary Contributions | 31.12 | 28.95% |
| | | **Other Income** | 0 | 0% |

**Table: Top 3 sources of income of National Parties in their ITR from FY 2015-16**

**5 राजनीतिक दलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 में व्यय के प्रमुख 3 स्त्रोत**

- सीपीएम ने रु 35.80 करोड़ का खर्च प्रशासनिक और सामान्य व्यय में और रु 25.79 करोड़ कर्मचारी लागत में घोषित किया है |
- तृणमूल कांग्रेस ने सबसे अधिक खर्च कर्मचारी लागत में (रु 54 लाख) और प्रशासनिक व सामान्य खर्च में रु 32.70 लाख खर्च घोषित किया है|




**Top item of expenditure of National Parties for FY 2015-16**

| National Party | Total Expenditure | Financial Year- 2015-2016 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Top 3 Items of Expenditure | Amount (Rs in cr) | % of Expenditure |
| AITC | Rs 13.35 cr | Election Expenditure | 12.31 | 92.21% |
| | | Employee Cost | 0.54 | 4.04% |
| | | Administrative and General Expenses | 0.327 | 2.45% |
| | | **Other Expenditure** | 0.173 | 1.30% |
| BSP | Rs 11.90 cr | Election Expenditure | 6.81 | 57.23% |
| | | Administrative and General Expense | 5.01 | 42.10% |
| | | Employee Cost | 0.05 | 0.42% |
| | | **Other Expenditure** | 0.03 | 0.25% |
| NCP | Rs 10.84 cr | Administrative and General Expenses | 7.84 | 72.32% |
| | | Depreciation and Amortisation Expenses | 1.258 | 11.61% |
| | | Election Expenditure | 0.92 | 8.49% |
| | | **Other Expenditure** | 0.822 | 7.58% |
| CPI | Rs 1.48 cr | Salary and Allowances | 0.43 | 29.05% |
| | | Election & Publicity Expenses | 0.37 | 25.00% |
| | | Electricity & Water Charges | 0.13 | 8.78% |
| | | **Other Expenditure** | 0.55 | 37.16% |
| CPM | Rs 84.82 cr | Administrative and General Expenses | 35.8 | 42.21% |
| | | Employee Cost | 25.79 | 30.41% |
| | | Election Expenditure | 14.48 | 17.07% |
| | | **Other Expenditure** | 8.75 | 10.32% |

**Table: Top 3 items of expenditure of National Parties in their ITR for FY-2015-16**

## एडीआर के सुझाव

- सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितम्बर, 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खाली नही रहना चाहिए इसी के तर्ज पर फोर्म 24ए, (जोकि राजनीतिक दलों द्वारा रू 20,000 से ज़्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है) का भी कोई हिस्सा खाली नही होना चाहिए।
- क्योकि राजनीतिक दलों की आय का अधिकतम प्रतिशत (80 प्रतिशत) अज्ञात स्त्रोतों से आता है, दानदाताओं की पूरी जानकारी, सार्वजनिक जांच के लिए आम जनता को उपलब्ध होनी चाहिए। भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ्रांस, इटली, ब्राज़ील, बल्गेरिया अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जाता है। इन देशों में से किसी भी देश में राजनीतिक दलों के आय स्त्रोत का 80 प्रतिशत अज्ञात रहना असम्भव होगा।
- आईसीएआई का यह दिशा निर्देश की राजनीतिक दलों के आडिट रिर्पोट का इन्कम टैक्स डिर्पाटमेन्ट द्वारा छानबीन की जानी चाहिए किन्तु इसका का पालन नही होता है। राजनीतिक दलो को सूचना का अधिकार अधिनियम के अर्न्तगत निरन्तर तौर पर जानकारी प्रदान करनी चाहिए। ऐसा करने से ही राजनीतिक दल, चुनाव प्रक्रिया एंव लोकतंत्र सशक्त होगा।

### राजनीतिक दलों की वित्तीय सूचनाओं को उपलब्ध कराने के लिए एक सख्त व्यवस्था की ज़रूरत

राजनीतिक दलों में वित्तीय पारदर्शिता एंव ज़िम्मेदारी को सुनिश्चित करने के लिए तथा इसकी रिर्पोटिंग के लिए एक सख्त व्यवस्था की ज़रूरत है। इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया (आईसीएआई) सस्थां ने चुनाव आयोग के अनुरोध पर सुझावों की एक सूची बनाई है। एडीआर का यह मानना है कि जल्द से जल्द इन सुझावों के पालन की सख्त ज़रूरत है।

## अस्वीकरण

रिपोर्ट में इस्तेमाल सभी जानकारी चुनाव आयोग के वेबसाइट में राजनीतिक दलों के पेज. से लिया गया है http://eci.nic.in/eci_main1/PolPar/ContributionReports.aspx)

रिपोर्ट बनाते समय सुचना का पूर्ण ध्यान रखा गया है। यदि रिपोर्ट में दी गयी जानकारी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई त्रुटि पायी जाती है तो राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए ऑडिट रिपोर्ट का विवरण ही ठीक माना जायेगा। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म, नेशनल इलेक्शन वाच और उनके स्वंयसेवक जिम्मेदार नही होंगे।

### सम्पर्क:


| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist Helpline<br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org | Maj. Gen Anil Verma (Retd.)<br>Head<br>ADR & NEW<br>+91 11 4165 4200<br>+91 88264 79910<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar<br>IIM Ahmedabad (Retd.)<br>Founder Member<br>ADR & NEW<br>+91 99996 20944<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore<br>Founder Member,<br>ADR & NEW<br>+91 94483 53285<br>trilochans@iimb.ernet.in |